# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा 5–अ / 2025 / दिनांकः

## व्यावसायिक परीक्षा आवेदन फार्म भरने सम्बन्धी आवश्यक सूचना

व्यावसायिक पाठ्यक्रम (M.Ed. (HI) II/IV-Sem, B.P.Ed., M.P.Ed. II-Semester Exam. May, 2025) सेमेस्टर पद्धति की परीक्षाओं के ऑनलाईन आवेदन फार्म website www.univraj.org के माध्यम से निम्नानुसार भरे जायेंगे:–

| | |
|---|---|
| सामान्य शुल्क सहित | दिनांक 17.07.2025 से 23.07.2025 तक |
| रूपये 100/– विलम्ब शुल्क सहित | दिनांक 24.07.2025 से 28.07.2025 तक |

**उक्त परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 04.08.2025 से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।**

उक्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन वेबसाईट www.univraj.org से भरने से पूर्व कार्यालय पत्र परीक्षा 5–ब/2025/2737 दिनांक 24.04.2025 के अनुसरण में विश्वविद्यालय पोर्टल पर पंजीकृत प्रश्न पत्रों में सतत् मूल्यांकन (Continuse Assessment) परीक्षा के अंकों को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से अपलोड किया गया है। परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु परीक्षार्थी का उसके पंजीकृत प्रश्न पत्रों में सतत् मूल्यांकन (Continuse Assessment) में न्यूनतम अंक पूर्ण करने पर एवं पोर्टल पर अपलोड किये जाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र भरा जायेगा।

अतः समस्त संबंधित निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य, संबंधित विभाग/महाविद्यालय में अध्ययनरत/पंजीकृत विद्यार्थियों के सतत् मूल्यांकन के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। Ord. 199 F-3 (j) Grading/Non-Grading Scheme Semester के तहत 75% उपस्थिति, सतत मूल्यांकन (Continuous Assessment) में न्यूनतम अंक अर्जित करने वाले पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्रों मय समस्त आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज (पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण समस्त अंकतालिकाऐं इत्यादि) सहित सभी आवश्यक पूर्ति कर योग्य छात्रों की सूची सहित परीक्षा अनुभाग कमरा नं. 131 परीक्षा 5–अ (व्यावसायिक पाठ्यक्रम) में समस्त परीक्षा आवेदन पत्रों को कृपया संबंधित निदेशक/विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य द्वारा ऑनलाईन प्रक्रियानुसार जॉच कर तदनुसार वेबसाईट पर सत्यापन कर जनरेटेड Nominal Roll अनुसार दिनांक 29.07.2025 तक निश्चित रूप से अग्रेषित किये जाने का श्रम करें।

Sd/-
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक– परीक्षा 5–अ / 2025 / 376-83 दिनांकः 15-7-25

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निदेशक, इन्फोनेट, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्त को वि.वि. वेबसाइट पर अपलोड करवाने का श्रम करें।
2. संबंधित समस्त विभागाध्यक्ष/प्राचार्य, शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा विभाग/महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, गोपनीय अनुभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि जिस विभाग के परीक्षार्थी के सतत मूल्यांकन के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड हो गये हैं उन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र खोले जाये, साथ ही शेष परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित अवधि में सतत् मूल्यांकन अंक अपलोड होने पर उक्त प्रक्रियानुसार खोले जाने है।

15/7/25
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)